देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 58 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...दुनिया के लिए मिसाल

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 28 मई 2020





मौसम अधिकतम 37.0° न्यूनतम 21.0°

31605.22

2 भारतीय मीडिया पर भड़का चीन

7 नहीं बढ़ेगा शशांक मनोहर का कार्यकाल

# भारत को आंख न दिखाएं

## लद्दाख सीमा पर भारतीय और चीनी सेना के जवान आमने–सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से लेकर इकॉनमी के मोर्चे पर मोदी सरकार की तीखी आलोचनाएं कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर बीजेपी ने पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री और सीनियर बीजेपी लीडर रविशंकर प्रसाद ने ने एक–एक कर राहुल के आरोपों का जवाब दिया। राहुल ने चीन और नेपाल के मामले पर केंद्र सरकार से स्थिति साफ करने को कहा था। आज रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नरेंद्र मोदी के भारत को कोई भी आंख नहीं दिखा सकता। उन्होंने कांग्रेस नेता पर कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई को कमजोर करने और राजनीतिक फायदे के लिए देश के गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रसाद ने कहा कि पंजाब और राजस्थान जैसे कांग्रेस शासित राज्यों ने सबसे पहले लॉकडाउन लागू किया।

रविशंकर प्रसाद ने कोरोना के खिलाफ जंग में भारत की कामयाबी को बताते हुए कहा कि देश में इस खतरनाक वायरस से अब तक सिर्फ 4345 लोगों की मौत हुई। दूसरी तरफ दुनिया में 3 लाख से ज्यादा मौतें हुईं है। उन्होंने कहा, दुनिया के 15 ऐसे देश जहां कोरोना बड़ी बीमारी बन गया है उसकी आबादी है 142 करोड़। उसमें अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा व अन्य देश हैं। इन देशों में 26 मई तक करीब 3.43 लाख लोगों की मृत्यु कोरोना से हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की आबादी है 137 करोड़ और हमारे देश में 4,345 लोगों की मृत्यु हुई है। 64 हजार से ज्यादा रिकवरी हुई है।

प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी 5 तरीकों से कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई के संकल्प को कमजोर कर रहे हैं।

## बीजेपी का जवाब, मोदी के भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता



### तनाव बढ़ा अब शांति दूत बना चीन, कहा- सीमा पर सब ठीक

पेइचिंग। चीन से फैले कोरोना संक्रमण के कारण पूरी दुनिया परेशान है लेकिन ड्रैगन अपने गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए अलग ही गेम खेल रहा है। भारत से लगती सीमा पर सैन्य झड़पों के बाद चीन ने न केवल अपने सैनिकों को बड़ी संख्या में सीमा के पास तैनात कर दिया है बल्कि अब शांतिदूत बनकर तनाव को स्थिर बता रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के साथ सीमा पर हालात पूरी तरह स्थिर और नियंत्रण–योग्य हैं। दोनों देशों के पास बातचीत और विचार–विमर्श करके मुद्दों को हल करने के लिए उचित तंत्र और संचार माध्यम भी उपलब्ध हैं।

### हमें रिश्तों को प्रगाढ़ करना है: चीनी राजदूत

भारत में चीन के राजदूत सन विडोंग ने कन्फेडरेशन ऑफ यंग लीडर्स मीट को संबोधित करते हुए भारत और चीन के रिश्तों को प्रगाढ़ करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, श्हमें कभी भी अपने मतभेदों को अपने रिश्तों पर हावी नहीं होने देना चाहिए। हमें इन मतभेदों का समाधान बातचीत के जरिए करना चाहिए। विडोंग ने आगे कहा, चीन और भारत कोविड–19 के खिलाफ साझी लड़ाई लड़ रहे हैं और हम पर अपने रिश्तों को और प्रगाढ़ करने की जिम्मेदारी है। चीनी राजदूत ने सम्मेलन में मौजूद युवाओं को भारत और चीन के रिश्तों को समझने का आह्वान करते हुए कहा कि हम एक–दूसरे के लिए खतरा नहीं हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल ने नक्शे के संवैधानिक संशोधन का फैसला रोका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। भारत और नेपाल की बीच जारी सीमा विवाद को लेकर तल्खी बढ़ती जा रही है। इस बीच नेपाल की संसद में बुधवार को देश के नक्शे में बदलाव के लिए संवैधानिक संशोधन किया जाना था। हालांकि, इस पर कोई चर्चा तो दूर, इसे सदन के अजेंडे से ही बाहर कर दिया गया। हाल ही में नेपाल ने एक नया नक्शा जारी कर भारत के क्षेत्र को अपने क्षेत्र के तौर पर दर्शाया था। जब तक संवैधानिक तौर पर इस नए नक्शे को मान्यता नहीं मिल जाती, इससे वैध नहीं माना जा सकता है।

### एयरफोर्स की बढ़ी ताकत, मिला फ्लाइंग बुलेट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। इसी बीच वायु सेना बेड़े में श्तेजसश का दूसरा स्क्वाड्रन शामिल हो गया है। इस स्क्वाड्रन का नाम फ्लाइंग बुलेट्स दिया गया है। एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने खुद स्वदेशी फाइटर जेट तेजस उड़ाया। भदौरिया ने बुधवार को वायु सेना स्टेशन सुलूर में 45 स्क्वाड्रन के साथ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को उड़ाया। उन्होंने सिंगल सीटर एलसीए में उड़ान भरी है।

### दया याचिका निपटारे की समयसीमा की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है जिसमें दया याचिका के निपटारे की समयसीमा तय करने की गुहार लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में वकील शिव कुमार त्रिपाठी ने याचिका दायर की जिस पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस एसए बोबडे की अगुआई वाली बेंच ने होम मिनिस्ट्री से चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है।

# उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज

## क्वारंटाइन पूरा कर घर रह रही लड़की की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखंड में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी 2 बजे की रिपोर्ट में 38 नए मामलों की पुष्टि हुई है जिनमें 13 पौड़ी, सात ऊधमिंहनगर, 16 टिहरी और तीन देहरादून जिले का है। प्रदेशभर में अब कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 447 पहुंच गया है। इसके साथ ही स्वस्थ होने वालों वालों की कुल संख्या 81 हो गई है। वर्तमान में 362 एक्टिव केस हैं। इनमें ज्यादातर हालिया दिनों में उत्तराखंड लौटे प्रवासी हैं। तीन मरीज राज्य से बाहर जा चुके हैं। इसके अलावा चार कोरोना संक्रमितों की अब तक मौत भी हो चुकी है। वहीं, चंपावत में क्वारंटाइन पूरा कर घर रह रही एक लड़की की मंगलवार देर शाम अचानक मौत हो गई। उधमसिंह नगर में बुधवार को सात लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव। जिसमें चंपावत, पिथौरागढ़, खटीमा, सितारगंज के मरीज शामिल हैं। सभी की जानकारी ट्रेस की जा रही है। बताया जा रहा है कि सभी संक्रमित 19 तारीख को मुंबई से चलकर 20 को हरिद्वार पहुंची श्रमिक स्पेशल ट्रेन से वापस लौटे हैं और उन्हें पंतनगर के क्वॅारंटाइन सेंटर में रखा गया है। इसके साथ ही ऊधसिंहनगर जिले में संक्रमितों की संख्या 57 हो गई है। वहीं नैनीताल जिले में सक्रिय केस 127 हैं। जबकि कुमाऊं में मंडल में कुल संक्रमितों की संख्या 242 और एक्टिव के 223 हैं।

### तीन दिन में दो सौ से ज्यादा मामले

उत्तराखंड में तीन दिन के अंतराल में दो सौ से ज्यादा कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। इस दरम्यान राज्य के नौ पर्वतीय जनपदों में भी मरीजों का सैकड़ा पूरा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को 794 सैंपल की रिपोर्ट मिली है, जिनमें 65 केस पॉजिटिव हैं। वहीं अब देहरादून में अब चार हॉटस्पाट जोन है। हरिद्वार में हॉटस्पॉट बढ़कर 13 हुए है। उधमसिंहनगर में 4 हॉटस्पॉट जोन्स है।

## सरकार बताए सीमा पर हो क्या रहा है: कांग्रेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पिछले काफी दिनों से भारत–चीन के बीच तनातनी देखी जा रही है। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन ने पूर्वी लद्दाख की पैंगोंग त्सो झील में अपनी गश्ती नौकाओं की तैनाती बढ़ा दी है। इन सभी घटनाक्रमों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। पत्र में लिखा है कि लद्दाख में काफी दिनों से जो कुछ भी चल रहा है सरकार को जनता के सामने सारी स्थितियां स्पष्ट करनी चाहिए। कांग्रेस ने कहा है, चीन ने पूर्वी लद्दाख की पैंगोंग त्सो झील और गलवान पहाड़ियों के आसपास के क्षेत्र में चीन की सेना बढ़ाई गई है और भारतीय सेना और चीनी सेना के बीच कुछ झड़पों की भी बात सामने आई है। ये एक राष्ट्र के लिए गंभीर विषय है। देश और विदेश की तमाम मीडिया के हवाले से जो खबरें आ रही हैं उससे देशवासियों को चिंता में डाल दिया है। कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार से अपील करती है कि देश को भरोसे में लेते हुए सारी स्थितियों से अवगत कराएं।

## गृह मंत्रालय ने स्पष्ट की लॉकडाउन 5.0 पर स्थिति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■कहा- सारी बातें बेबुनियाद

नई दिल्ली। कुछ मीडिया संस्थानों की तरफ से लॉकडाउन के पांचवें दौर को लेकर तरह–तरह के दावे किए जा रहे हैं। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के दावों में कोई दम नहीं है। गृह मंत्रालय ने अपने स्पष्टीकरण में साफ कहा है कि लॉकडाउन 5.0 की खबरें बिल्कुल बेबुनियाद हैं। ध्यान रहे कि लॉकडाउन की रूपरेखा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तय करता है।

दरअसल, एक मीडिया संस्थान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश को लेकर खबर प्रकाशित करते हुए संभावना जताई कि पीएम 31 मई को अपने इस लोकप्रिय कार्यक्रम में लॉकडाउन के पांचवें चरण का ऐलान भी कर सकते हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पूर्णतः एक अटकल है जो बिल्कुल आधारहीन है। प्रवक्ता ने ट्वीट कर कहा कि इन अटकलों को गृह मंत्रालय के साथ जोड़ना उचित नहीं है।

कोरोना वायरस के प्रकोप को रोकने के लिए देश में पहली बार 25 मार्च को लॉकडाउन घोषित किया गया। तब से देशव्यापी लॉकडाउन की मियाद में चार बार इजाफा किया जा चुका है। लॉकडाउन 4.0 की शुरुआत 18 मई से हुई जो 31 मई तक जारी रहेगी।

# चादर खींचता मासूम, ऐ माय उठ न...

## मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर लेटी महिला को जगाता दिखा बच्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुजफ्फरपुर। कोरोना काल में देश के सामने विपदा की एक से बढ़कर एक हृदय विदारक तस्वीर सामने आ चुकी है। इस बार बिहार के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन की एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जो कोरोना वायरस को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन की पूरी कहानी बयां कर रही है। मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के एक वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला सो रही है, उसका एक–डेढ़ साल का बेटा मां की चादर को खींच रहा है, मानो वह उसे जगाने की कोशिश कर रहा है। इस बच्चे को नहीं मालूम कि उसकी मां अब हमेशा के लिये सो गई है। अबोध मासूम को मालूम नहीं कि हर दिन मां जिस चादर को ओढ़ कर सोती है वह अब उसका कफन बन चुका है।

महिला के पति ने बताया कि ट्रेन में भीषण गर्मी में गुजरात से शुरू हुए 4 दिन के लंबे सफर ने मेरी पत्नी की जान ले ली, अब इसे लेकर अपने घर कटिहार कैसे जाऊंगा।

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in